हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम वार्षिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में देश की बेरोज़गारी दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जिसमें हरियाणा सहित कई राज्यों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में राष्ट्रीय औसत बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष 2022-23 की तुलना में 5.1 प्रतिशत से कम है।रिपोर्ट में बताया गया है कि हरियाणा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बेरोजगारी दरों में सबसे अधिक कमी आई है। हरियाणा में बेरोजगारी में सबसे तेज गिरावट देखी गई है, जो 2022-23 में 9.2 प्रतिशत से गिरकर 2023-24 में 3.4 प्रतिशत हो गई है। बेरोजगारी दर में कमी के मामले में तमिलनाडु दूसरे, छत्तीसगढ़ तीसरे और मध्य प्रदेश चौथे स्थान पर है।

****

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में तेजी आ गई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज करनाल जिले से हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत कर रहे हैं । श्री गांधी कुछ देर में करनाल के असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बाद में श्री गांधी हिसार जिले के बरवाला में एक अन्य जनसभा को भी संबोधित करेंगे। हरियाणा विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा। मतगणना आठ अक्तूबर को होगी। वहीं बी.जे.पी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी आज रोहतक में एक पत्रकार वार्ता कर पार्टी उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाएंगे।

****

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कल शाम लाडवा में कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह के पक्ष में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित

किया। उन्होंने लोगों से बी जे पी को वोट देने की अपील की। श्री गडकरी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि राजनीति का मतलब केवल सता नहीं होता राजनीति का असली उद्देश्य सामाजिक आर्थिक उत्थान होता है। उन्होंने कहा कि देश को रोजगार निर्माण करने वाली अर्थव्यवस्था चाहिए और सरकार उसी के लिए हम प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी ब्रांड अब भारत में उत्पादन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के सॉफ्टवेयर इंजीनियर पूरी दुनिया में विख्यात हैं और उनकी बदौलत ही हम प्रौद्योगिकी में आगे जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने की अपील की और नई तकनीक का इस्तेमाल करने का आह्वान किया ताकि यही पराली उनकी आय का साधन बन सके। इस मौके पर बी जे पी के जिला अध्यक्ष सुशील राणा एव वरिष्ठ नेता धर्मवीर मिर्जापुर सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

****

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि मतदाताओं को मतदान संबंधी सूचना के लिए 'मतदाता सूचना पर्ची' जारी की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची में मतदाता सूची की क्रम संख्या, मतदान केंद्र, मतदान की तिथि, समय आदि से सम्बंधित जानकारी क्यूआर कोड के साथ अंकित होगी, लेकिन इसमें मतदाता की तस्वीर नहीं होगी।उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी को आसान बनाने और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सामान्य मतदाता सूचना पर्चियों के साथ-साथ दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में सुगम मतदाता सूचना पर्चियां भी जारी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों व रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नामांकित मतदाताओं को मतदान की तिथि से कम से कम 5 दिन पहले यानि 30 सितंबर तक मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची को मतदाताओं की पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

****

हरियाणा सिविल सचिवालय में कल रोटरी ब्लड बैंक सोसायटी और ब्लड सोसायटी रिसोर्स सेंटर के संयुक्त प्रयासों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदान शिविर में 68 यूनिट रक्त दान किया गया। इस अवसर पर डॉ टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने रक्तदान कर रहे कर्मचारियों से बातचीत भी की और उन्हे सर्टिफिकेट भी प्रदान किए।

****

करनाल जिले में अगेती फसल की कटाई कर रहे किसानों द्वारा पराली में आग लगाने की कुछ घटनाओं के सामने आने के बाद प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। इस संबंध में उपायुक्त उत्तम सिंह ने प्रशासनिक व कृषि विभाग के कई अधिकारियों के अमले के साथ जिले के कई गांवों का दौरा किया। उपायुक्त ने विभिन्न गांवों में 4 व्यक्तियों को पराली जलाते हुए पाए जाने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाने के आदेश दिए। वही पराली जलाने की 19 घटनाओं में किसानों पर 47 हजार का जुर्माना भी लगाया गया। उपायुक्त ने किसानों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि पराली में आगजनी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी किसान इन आदेशों की उल्लंघना करेगा तो उस पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि मामला दर्ज करवाकर उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाएं और पराली में आग लगाने के बजाए, इसे अपनी आय का साधन बनाएं।